an>

Title: Need to make necessary arrangements to control fire in Bharat Cooking Coal and Central Coal Field Limited and to give compensation and employment to unemployed employee.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत भारत कुकिंग कोल और सेन्ट्रल कोल फील्ड लिमिटेड में आग से प्रभावित वहां के जो रहने वाले लोग हैं, उनकी ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं और आपके माध्यम से बीसीसीएल और सीसीएल के पदाधिकारियों से मांग करता हूं कि लाखों टन कोयला जो वहां जल रहा है और उससे जो पोल्यूशन फैल रहा है और वहां पर फिर गरीब गुरबा जाकर कोयला उठा रहे हैं तो इसकी व्यवस्था की जाए कि आग बुझाने का काम किया जाए और जो विस्थापित परिवार हैं, उनको अविलम्ब पुनर्स्थापित किया जाए, उनको रोजगार की योजना से जोड़ा जाए और जिनकी जमीन गई है, उनको नौकरी और मुआवजा दिया जाए तथा खासकर कठारा क्षेत्र में लाखों टन कोयला जो सीसीएल का क्षेत्र है, वहां जो आग लगी है, उसमें ये लोग कोयले को जलवाकर घोटाले भी कर रहे हैं और भारत सरकार का नुकसान भी करवा रहे हैं, ऐसे बोकारो, करगली के कोलार पटीयों के क्षेत्र में जो विस्थापित परिवार हैं, आज करीब एक सप्ताह से वे लोग वहां धरना दे रहे हैं, उनको अभी तक न नौकरी मिली है और ना हीं मुआवजा नहीं मिला है, इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि इस समस्या का संज्ञान भारत सरकार को करवाया जाए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Ravindra Kumar Pandey.